पुस्तकालय

1

3332
5/7/14

सत्यमेव जयते

असंशोधित

30 JUN 2014

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

--------

(भाग 1–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
पै०स०प्रे०सं० 232 तिथि 3-7-14

टर्न-3/30.6.2014/बिपिन ...

तारांकित प्रश्न सं0: 12 (श्री प्रदीप कुमार)

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री: महोदय, 1. वस्तुस्थिति यह है कि काशीचक थाना सरकारी गैर-मजरूआ जमीन पर जनसहयोग से निर्मित पक्का भवन में कार्यरत है एवं पुलिसकर्मियों को रहने के लिए खपरैल निर्मित बैरक है जिसमें दो कमरे एवं बरामदा है जिसकी स्थिति अच्छी नहीं है, हालांकि फिर भी आवश्यक कागजात सुरक्षित रखे जाते हैं ।

2. पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा काशीचक थाना के भवन निर्माण हेतु निविदा अभी तक नहीं की गई है ।

3. वस्तुस्थिति यह है कि काशीचक थाना के भवन निर्माण हेतु भूमि चयन कर ली गई है । प्रस्तावित स्थल का स्थल प्लान एवं प्राक्कलन आदि तैयार किया जा रहा है और इसकी स्वीकृति के पश्चात् आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

श्री प्रदीप कुमार : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या वित्तीय वर्ष 2014-15 में थाना भवन, काशीचक का निर्माण शुरू होगा ?

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री: महोदय, जैसा कि हमने बताया कि इसके लिए लगभग 1.66 एकड़ जमीन उपलब्ध हो चुका है और इसका प्लैन तैयार किया जा रहा है और सरकार निदेश देगी कि निविदा आदि की आवश्यक प्रक्रिया पूरी करके इस वित्तीय वर्ष में कार्य प्रारम्भ किया जाए ।

तारांकित प्रश्न सं0:13 (श्री मंजीत कुमार सिंह)

श्रीमती रंजू गीता, मंत्री: महोदय, 1. उत्तर स्वीकारात्मक है । वर्ष 2013-14 में मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के अंतर्गत गन्ना प्रमाणित बीज वितरण कार्यक्रम के तहत कुल रूपए 30,87,50,000 मात्र आवंटित किया गया जिसके विरूद्ध 27,55,92,474रूपए व्यय हुई है जो कुल आबंटन का 89.26 परसेंट है । कुल प्रत्यर्पित राशि 3,31,57,526 रूपए है । सामान्यत: अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कर्णान्कित राशि के तहत गन्ने की खेती करने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के किसान नहीं रहने के फलस्वरूप उक्त राशि प्रत्यर्पित की गई है ।

श्री मंजीत कुमार सिंह: अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि ...

अध्यक्ष : इतना स्पष्ट तौर पर माननीय मंत्री ने जवाब दिया है इसके बाद भी आप जानना चाहते हैं !